### 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला ओलंपिक ग्राउण्ड में किया गया सामूहिक योगाभ्यास

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवसः योग करें, निरोग रहेंः सांसद





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिन्दवाडा

दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे छिंदवाड़ा जिले में उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिसमें सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाओं, संगठनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों, कॉलेज, स्कूल के विद्यार्थियों, महिलाओं, गणमान्य नागरिकों और आम जन ने भी बढ़-चढ़कर सहभागिता की। 10वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम जिला प्रशासन के तत्वाधान और कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिला ओलंपिक ग्राउण्ड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में छिंदवाड़ा जिले के सांसद श्री विवेक बंटी साहू, जिला आपदा प्रबंधन समिति के सदस्य श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री सिंह, एसपी श्री मनीष खत्री सहित अन्य अधिकारी और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस दौरान राज्य स्तरीय कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के अनुरूप पल प्रतिपल के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया।

इस अवसर पर श्रीअन्न संवर्धन अभियान का जिले में शुभारंभ छिंदवाड़ा जिले के सांसद श्री साहू के द्वारा किया गया। इसके बाद सांसद श्री साहू एवं कलेक्टर श्री सिंह ने कृषकों को मिलेट बीजों के पैकेट्स का भी वितरण किया । इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद श्री साहू ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि हमेशा से भारतीय संस्कृति और परंपरा का हिस्सा रहे योग को प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई है। इसी के परिणाम स्वरूप हम आज 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रहे हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त किया और सभी को योग को अपनाकर निरोग रहने के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर श्री सिंह ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन निवास करता है। जब मन स्वस्थ रहेगा, तो जीवन के सारे निर्णय भी स्वस्थ होंगे। जिससे जीवन हमेशा सकारात्मक दिशा में और ऊंचाई तक आगे बढ़ता जायेगा। सभी जिलेवासी योग को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाएं और स्वस्थ व निरोगी रहते हुए जिले के विकास में सहभागी बनें।

कार्यक्रम में सांसद श्री साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर श्री सिंह के साथ ही पुलिस अधीक्षक श्री खत्री, उप पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी, अतिरिक्त कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, एस.डी.एम. श्री सुधीर जैन, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल, जिला आयुष विभाग के पदाधिकारी, नगर निगम के पदाधिकारियों सहित जिले के विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों एवं नगर मुख्यालय के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों, शिक्षक/शिक्षिकाओं, स्काउट गाईड, रेडक्रॉस, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्र-छात्राओं, शिक्षा विभाग से जिला योग प्रभारी श्रीमती संगीता बेण्डे, योग प्रशिक्षक श्री सुरेश पवार, मध्यप्रदेश योग आयोग के जिला अध्यक्ष श्री चन्द्रकांत मुसारे एवं विभिन्न योग संस्थाओं पतंजली योग समिति श्री विवेक विश्वकर्मा, श्रीमती योगेश्री राउत ब्रम्हकुमारी की गणेशी बहन, गायत्री परिवार की श्रीमती हेमलता चंदेलकर, आर्ट ऑफ लिविंग की श्रीमती श्वेता चड्डा एवं सभी जिला योग प्रशिक्षकों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों सहित लगभग 1500 व्यक्तियों द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दी गई । सभी छात्र-छात्राओं को स्वल्पाहार एवं अतिथियों को अंकुरित आहार वितरित किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन श्री धीरेन्द्र दुबे एवं श्रीमती वाणी शुक्ला द्वारा किया गया । कार्यक्रम के संचालन में जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री के.एस.श्रीवास्तव, विभिन्न संस्थाओं के प्राचार्यों, शिक्षक/शिक्षकाओं एवं खेल शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल द्वारा उपस्थित सभी सहभागियों के आभार प्रदर्शन के साथ किया गया ।

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीअन्न से बने उत्पादों की लगाई गई प्रदर्शनी




अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित ओलंपिक स्टेडियम मैदान में श्रीअन्न संवर्धन कार्यक्रम का शुभारंभ छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, एसपी श्री मनीष खत्री द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में छिंदवाड़ा सांसद श्री साहू, कलेक्टर श्री सिंह, एसपी श्री खत्री, डॉ.शेषराव यादव, अपर कलेक्टर श्री के.सी.बोपचे, एएसपी श्री एपी सिंह, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह द्वारा उपस्थित किसानों को श्रीअन्न बीज के पैकेट्स वितरित किये गये। कार्यक्रम स्थल में कृषि विभाग द्वारा श्रीअन्न से बने उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई थी, जिसका सभी अतिथियों ने अवलोकन किया और श्रीअन्न से निर्मित व्यंजन बिस्किट, चाकोली, कुकीज़, नूडल्स, लड्डु, टोस्ट आदि का स्वाद भी चखा। आज योग दिवस के कार्यक्रम में सभी अतिथियों को श्रीअन्न से निर्मित खाद्य सामग्री ही स्वल्पाहार में दी गई थी। इस अवसर पर कृषि विभाग एवं आत्मा परियोजना की पूरी टीम तथा ज़िले में श्रीअन्न पर कार्य करने वाले एफपीओ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ब्रम्ह समाज ने किया सांसद का सत्कार

## भगवान परशुराम के लिए पहली सांसद निधि से दिए 10 लाख




हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

ब्रह्म समाज कल्याण मंडल द्वारा आज नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू का भव्य स्वागत किया गया। मिश्रा कॉलोनी स्थित ब्रह्म समाज कल्याण मंडल के भवन में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में ब्रह्म समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष विजय पांडे द्वारा नवनिर्वाचित सांसद विवेक बंटी साहू का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ सदस्य,महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। सांसद विवेक बंटी के साहू के साथ पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना, पंकज शुक्ला, अंकुर शुक्ला, रोहित पोफली, अजय सक्सेना, पंडित राम शर्मा मौजूद रहे। सांसद विवेक बंटी साहू ने मंच से कहा कि मेरी पहली सांसद निधि से 10 लख रुपए की राशि ब्रह्म समाज कल्याण मंडल के नव निर्माणधीन भवन के लिए दी जाएगी। ब्रह्म समाज कल्याण मंडल के अध्यक्ष विजय पांडे ने संसद विवेक साहू को धन्यवाद दिया और रोहित द्विवेदी ने आभार व्यक्त किया। मचसंचालन पूर्व युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अंशुल शुक्ला ने किया।

## पूर्व विधायक के नेतृत्व में अधिकारियों से मिला प्रतिनिधि मंडल



**चौरई ।** शुक्रवार को भाजपा नेताओं के प्रतिनिधि मंडल ने पूर्व जिलाध्यक्ष विधायक पं रमेश दुबे के नेतृत्व में विभिन्न विषयों पर एसडीएम प्रभात मिश्रा, एसडीओपी सौरभ तिवारी से मुलाकात कर विस्तार से चर्चा बातचीत की । दोनो अधिकारियों से अवैध गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने के साथ ही आमजन को सस्ते दामों में रेत उपलब्ध कराने के लिए ठेकेदार की मनमानी पर अंकुश लगाने की बात रखी गई। इसके अलावा चांद बिछुआ मार्ग से चल रही गौवंश तस्करी पर भी कार्यवाही कर रोक लगाने की मांग की गई । गांव गांव में बिकने वाली अवैध शराब और संचालित जुआ फड़ व सट्टे के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही से इन गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर चर्चा की गई । पुलिस और प्रशासन स्तर पर आमजन को अपने कार्यों के लिए परेशान न होना पड़े इस बात का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

### नागपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न



**छिंदवाड़ा।** मध्य रेलवे नागपुर मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की 163 वी बैठक मंडल रेल प्रबंधक श्री मनीष अग्रवाल जी की अध्यक्षता रेलवे के समाधान कक्ष नागपुर में सम्पन्न हुई जिसमें छिन्दवाडा ज़िले का नेतृत्व करते हुए डी आर यू सी सी मेम्बर सौरभ ठाकुर ने ज़िले के रेल विकास से संबंधित कई सुझाव डी आर एम के समक्ष रखे जो निम्नानुसार है 1.ट्रेन नंबर 20912 वंदे भारत एक्सप्रेस को नागपुर से उज्जैन के लिए प्रतिदिन चलने वाली एक्सप्रेस को व्हाया छिन्दवाड़ा चलाया जाये जिससे ज़िलेवासियो को वंदे भारत एक्सप्रेस से सीधे उज्जैन महाकाल यात्रा का लाभ मिल सके इसके जवाब में रेलवे के परिचालन विभाग ने बताया गाड़ी नंबर 20912/20911 इंदौर/नागपुर/इंडोर वंदे भारत एक्सप्रेश एक प्रीमियम दर्जा की ट्रेन है जिसका नागपुर से इटारसी के बीच केवल बैतूल स्टेशन पर ठहराव दिया गया है उपरोक्त गाड़ी के मार्ग में परिवर्तन करना रेलवे बोर्ड के अधीन एक नीतिगत मामला है इस प्रस्ताव को रेलवे बोर्ड प्रेषित करेंगे2.नागपुर से प्रतिदिन मुंबई चलने वाली सेवाग्राम एक्सप्रेस को छिन्दवाड़ा से चलाया जाये जिससे जिलेवासियो को सीधे मुंबई की यात्रा का लाभ मिले इसके जबाब में रेलवे के परिचालन विभाग ने बताया कि किसी यात्री गाड़ी का विस्तारण करना रेलवे बोर्ड के अधीन एक नीतिगत मामला है वर्तमान में गाड़ी क्रमांक 12139/12140 नागपुर मुंबई नागपुर दैनिक सेवाग्राम एक्सप्रेस का प्राथमिक रखरखाव अंजनी स्टेशन पर दैनिक रूप से किया जाता है।

# अरिहंत एकेडमी में मनाया विश्व योगा दिवस



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

मध्य प्रदेश की धर्म नगरी छिंदवाड़ा के अरिहंत इंटरनेशनल एकेडमी में विविध अनुष्ठानों के साथ 21 जून को विश्व योगा दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रविशंकर माथुर के साथ स्कूल प्रबंधन, गुरुजनो सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित रहे। सभी ने जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण सहित सर्वोदय अहिंसा अहिंसा के पवित्र उद्देश्य को लेकर मेरी भावना के पाठ के साथ विश्व योग दिवस का शुभारंभ कर योगाभ्यास किया।इस अवसर सभी की सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक द्वारा जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया।

## बीज लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की

**छिन्दवाड़ा।** वाट्सअप के माध्यम से 17 जून 2024 को वायरल विडियो की जांच के लिये उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास छिंदवाडा श्री जितेन्द्र कुमार सिंह के द्वारा 18 जून 2024 को जांच दल का गठन किया गया था । गठित दल में शामिल सहायक संचालक कृषि श्री धीरज ठाकुर, अनुविभागीय कृषि अधिकारी परासिया श्री प्रमोद सिंह उट्टी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी परासिया श्री विनायक नागदोने द्वारा 19 जून 2024 को इस संबध में विकासखण्ड परासिया के ग्राम मोठार के बीज विक्रेता मेसर्स सूर्यवंशी ट्रेडर्स मोठार के प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। विक्रेता द्वारा सीड एक्ट 1966 के अंतर्गत सीड कन्ट्रोल आर्डर 1983 प्रावधान के अनुसार अतिरिक्त विक्रेता प्रमाण पत्रों के इन्द्राज कराये बिना व्यवसाय करना- नियम 17, स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन न करना- नियम 8 (ए एवं बी), स्टॉक रजिस्टर का नहीं बनाया जाना व अन्य अभिलेख को नहीं रखना नियम 18 (1), कृषकों को निर्धारित प्रारूप में कैश क्रेडिट मैमो नहीं दिया जाना नियम- 9 एवं निर्धारित प्रपत्र में विक्रय प्रतिवेदन न देना नियम- 18 (2) का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए कृषकों को मक्का बीज किस्म डी.के.सी.-9126 विक्रय करना पाया गया ।

# निकली कबीर साहब के प्रकटोत्सव पर शोभायात्रा

### पूर्णिमा पर होते है प्रतिवर्ष जीवित समाधि स्थल पर कार्यक्रम, विशाल भंडारा हुआ



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगोड़ी

अमरवाड़ा विधानसभा क्षेत्र की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में आज पूर्णिमा के पावन अवसर पर कबीर साहब के प्रकट उत्सव होने के करण साहेब समिति सिंगोड़ी द्वारा विशाल शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली गई ।इस अवसर पर कबीर पंथ के सातवें वंशाचार्य पंथ श्री सुरती सनेही नाम साहेब के जीवित समाधि स्थल प्रांगण से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई जो कि ग्राम के विभिन्न विभिन्न मार्गो से होते हुए कबीर वाडा चौक जैन मोहल्ला मेन रोड बस स्टैंड होते हुए जीवित समाधि स्थल प्रांगण पहुंची। जहां पर समस्त भक्तो ने साहेब दरबार में पूजन पाठ कर चौका आरती के साथ महाआरती की। तत्पश्चात साहेब समिति के सदस्यो के द्वारा विशाल भंडारा का आयोजन समाधि स्थल प्रांगण में कराया गया वही आज कबीर पंथ के सैंकड़ों अनुयायियों ने 626 वा प्रकटोत्सव पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया । इस अवसर पर साहेब समिति और कबीर पंथ के अनुयाई परसादी पटेल, रमेश पहलवान ,पप्पू पटेल,दिनेश शर्मा, बलराम पटेल,बलराज पटेल, सहसराम पटेल ,नारायण पटेल सहित सैंकड़ों की संख्या में महिलाएं व बच्चे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।और कबीर साहेब का प्रकटोत्सव मनाया गया।

# पुलिस ने पकड़ी 60 लीटर अवैध शराब

**सौंसर।** अवैध शराब बिक्री को लेकर सौसर पुलिस की ओर से शुक्रवार को ताबडतोप कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसारजिला पुलिस अधीक्षक राजेश त्रिपाठी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी के निर्देशन, सौसर डीएसपी,डी.व्ही.एस. नागर के मार्गदर्शन मे,सौसर थाना प्रभारी ए.बी.मर्सकोले के नेतृत्व मे, उनि. हर्ष नागले द्वारा आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया। शुक्रवार को उनि. हर्ष नागले को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की थाना सौंसर अंतर्गत ग्राम कुडम मे एक व्यक्ति भारी मात्रा मे अवैध कच्ची शराब अपने पास रखे हुए है, जो थाना सौंसर पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर आरोपी को पकडा गया, आरोपी के कब्जे से 15-15 लीटर के 4 केन कच्ची देशी शराब भरे हुए जप्त किये गये आरोपी सुजीत धुर्वे 30 कुड़ड़म के विरुध्द 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। जप्त कार्रवाई में जप्त मशरुका - 15-15 लीटर की प्लास्टिक की 04 केन कच्ची देशी शराब,60 लीटर कच्ची देशी शराब जप्त किया गया है। कार्यवाही में सौसर थाना प्रभारी निरी ए.बी. मर्सकोले,उनि. हर्ष नागले, सउनि घुरसिंह भलावी, आरक्षक प्रकाश कुमरे आदि थे।

### साहू बने भ्रष्टाचार उन्मूलन एवं अपराध अनुसंधान बल के जिला ऑडिटर



**जुन्नारदेव।** क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरवानी पोस्ट हनोतिया तहसील जुन्नारदेव के निवासी मनेश साहू को एंटी करप्शन एवं इन्वेस्टिगेशन फोर्स जिला छिंदवाड़ा के ऑडिटर पद पर नियुक्त किया गया है उनकी यह नियुक्ति एंटी करप्शन एवं क्राईम इन्वेस्टिगेशन फोर्स सेंट्रल गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया दिल्ली इंडिया द्वारा की गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के बाद भ्रष्टाचार अपराध अन्याय महिलाओं का उत्पीड़न दबंगों द्वारा गरीबों की भूमि हड़पने की नियत के विरुद्ध अभियान चलाकर अपराधियों का पर्दाफाश करेंगे साथ ही संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने में सदैव सजग रहकर कार्य करेंगे।

### नगर निगम में हुआ सांसद का भव्य सम्मान, महापौर सहित दीपक सक्सेना रहे मौजूद

# सांसद बंटी साहू ने किया योजना कार्यालय का लोकार्पण





हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

शुक्रवार को नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा छिंदवाड़ा संसदीय क्षेत्र के नव निर्वाचित सांसद माननीय विवेक बंटी साहू का सम्मान किया गया। नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम अहके, पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना एवं नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे द्वारा 90 लाख की लागत से निर्मित योजना शाखा के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। इस भवन में शीघ्र ही आमजनता को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जायेगा।

इसके साथ ही भवन के प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इसके उपरांत शुक्ला ग्राउंड के परिसर में सांसद विवेक बंटी साहू का निगम के ठेकेदार यूनियन द्वारा लड्डुओं एवं नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ द्वारा केले के फल से तुलादान किया गया। निगम के सभापति, पार्षद, वरिष्ठ नेताओं एवं विभिन्न शाखा प्रमुखों ने नव निर्वाचित सांसद का भव्य सम्मान किया गया। इसके उपरांत नेता प्रतिपक्ष विजय पांडे, पूर्व कैबिनेट मंत्री दीपक सक्सेना, निगम महापौर विक्रम अहके एवं सांसद विवेक बंटी साहू द्वारा सभा को संबोधित किया गया। इस कार्यक्रम में सभापति, पार्षद वरिष्ठ नेता, एवं बड़ी संख्या में निकाय कर्मचारी, ठेकेदार एवं आम जन उपस्थित रहे।

## जुन्नारदेव में विशाल योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# जिले भर में हुए अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विविध आयोजन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विश्व योग दिवस का आयोजन स्वयं के लिए एवं समाज के लिए थीम पर नगर में जगह-जगह अयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद द्वारा पंडित रविशंकर स्कूल में विशाल योग प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रशिक्षक के रूप में तरुण उपाध्यक्ष ने योग का प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, भाजपा नेता अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, अमित यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष नवजीत मोनू जैन सहित समस्त स्कूल स्टाफ नगर पालिका कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक पत्रकार उपस्थित थे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एसडीम सुश्री कामिनी ठाकुर पूर्व विधायक नाथन सा वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता विष्णु प्रसाद शर्मा नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालों दे भाजपा नेता अपील समिति सदस्य संजय जैन विद्यालय प्राचार्य की दीक्षित प्रशिक्षक\ रावत जी विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाएं योग्य अभ्यास एवं प्राणायाम विद्यालय के प्रधान पाठक बी आर रावत द्वारा किया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम के अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय योग पर अपने व्याख्यान दिए गए।

## पौधरोपण कर मनाई शादी की सालगिरह

**दमुआ।** हमारे जीवन में वृक्ष का बहुत अधिक महत्व है वृक्ष के बिना हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते जीवन शक्ति प्रदान करने वाली ऑक्सीजन हमें वृक्षो से ही प्राप्त होती है यदि ऑक्सीजन ना हो तो सभी जीव घुट-घुट कर मर जाएगा प्रकृति पर नियंत्रण और जीवन शक्ति को बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को वृक्ष लगाना बहुत जरूरी है अति आवश्यक है जिससे कि हमारे जीवन में हरियाली रहे इसी संदर्भ में लायन्स सेवा समिति दमुआ के उपाध्यक्ष डॉ आर के विश्वकर्मा जी की 42वी वैवाहिक वर्षगांठ पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रांगण नाग मंदिर के पास पौधारोपण किया गया यह एक बहुत अच्छी बात है कि हर व्यक्ति को अपने किसी भी शुभ अवसर पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए जिससे कि आने वाली पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति एक संदेश मिले पौधारोपण में उपस्थित लायन्स सेवा समिति दमुआ के अध्यक्ष रविशंकर साहू जी, पंडित शुक्ला जी, राकेश खातरकर, दुर्गा सिंह राजपूत,गोस्वामी जी, कृष्णा मानेराव ,शंकर अतुलकर ,मोती वर्मा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की मैडम सुजाता पाटिल एवं समस्त स्टाफ ने अपनी भागीदारी दी एवं सभी ने उन्हे सालगिरह की शुभकामनाएं दी।

## पिपलानारायणवार में अघोषित बिजली कटौती से जनता हो रही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

इन दिनों नगर में अघोषित बिजली कटौती को लेकर नगर वासी परेशान हो रहे हैं। मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी की ओर से दी जा रही बिजली में प्रतिदिन 1 से 2 घंटा अघोषित बिजली कटौती की जा रही है। वर्तमान में गर्मी का सीजन भी चल रहा है ऐसे में बिजली कटौती होना लोगों के लिए परेशानी दायक साबित हो रहा है।प्रतिदिन 1 से 2 घंटे हो रही बिजली कटौती के कारण शासकीय विभागों के ऑनलाइन होने वाले कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बिजली गोल होने के बाद में सबसे ज्यादा परेशान नगर में संचालित होने वाले सेंट्रल बैंक में विभिन्न कार्यों को लेकर ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले ग्रामीणों को होना पड़ता है। नगर में ऑनलाइन से संचालित होने वाले दुकानों का काम ठप्प हो जाता है।



जागरूक नागरिकों के द्वारा बार-बार मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को बिजली कटौती को लेकर शिकायत करने के बावजूद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। ग्राम वासियों के द्वारा व्यवस्था सुधार ओर नियमित विद्युत आपूर्ति करने की मांग मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी से की जा रही है।

## शासकीय और अर्धशासकीय संस्थाओं में हुए प्राणायाम और व्यायाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

शुक्रवार 21 जून को सौसर नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्र शासकीय अर्थशास्त्रीय कार्यालय स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। युथ ऑफ़ सौसर असोसिएशन के तत्वाधान में किये गए सामुहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम किया गया।कार्यक्रम का संचालन अरुण गुरुजी ठाकरे दीपक कुराड़े ने किया। इस दौरान योगेश सोमकुंवर,गोपाल कोठे, भोजराज निकम, राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज सेवा समिति के अध्यक्ष वसंतजी चौधरी प्रदीप ठाकरे,सुधीर ठाकरे,आदि थे।माध्यमिक शाला कोपरावाडी खुर्द मे ग्राम कल्याण विकास परिषद समिति कोपरावाडी खुर्द सेक्टर क्र( 05 ) में बच्चो के साथ सामुहिक सूर्यनमस्कार एवं प्राणायाम किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद पर विश्व योग दिवस पर संस्था से प्रेरक सुखदेव पाटिल,शिक्षक गनपति भोयर, सविता खण्डाईत आदि थे।सौसर नगर में उषा फिटनेस क्लास संचालक श्रीमती उषा भमोरे के निर्देशन में सुबह 6 बजे योग करो ओर रोग भगाओ के उद्देश्य से सभी माताओं बहनो के साथ योग सिखाया गया।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सौसर न्यायालय परिसर प्रांगण सौसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में जिला न्यायाधीश विवेक कुमार व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड सौसर सचिन अधिवक्ता संघ अध्यक्ष न.जी. ठाकरे आदि उपस्थित थे।आयोजन में आशा वर्मा एवं राजेश बाविस्टाले द्वारा योग व्यायाम आदि पर मार्गदर्शन देते हुए इससे होने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी।

## शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया योग दिवस



**दमुआ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमुआ में २१जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्राणायाम योग का आयोजन किया गया जिसमें प्रभारी श्री प्रकाश खरे , श्री ताराम मासब, श्री बेलेसर ,श्री सोनी मासबजी सहित शिक्षक शिक्षिकाएं गण और स्कूली छात्र विद्यार्थी सभी मुख्य रूप से शामिल थे जिसमें सभी विद्यार्थियों को बताया गया कि शारीरिक और मानसिक सेहत के लिए योग बेहद फायदेमंद है इसलिए इसे दुनिया भर में बढ़ावा देने के लिए हर साल योग दिवस मनाया जाता है।

## गुरुकुल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरुकुल में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया ।देश भर के 24 राज्यों के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने योग किया। विद्यार्थियों ने भिन्न भिन्न प्रकार के योग आसन की शानदार प्रस्तुति दी जिसमे पदमासन, सिद्धासन, सर्वांगासन, धनुरासन ,हलासन पादपश्चिमोत्तानासन, गोमुख आसन प्रमुख है ।इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि योग हमारी सनातन संस्कृति की परम्परा है । हमारे ऋषि , मुनि ओर संतों की देन है ।मनुष्य को तन , मन, स्वस्थ रखने के लिए योग अति आवश्यक है । इस परम्परा को हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे विश्व तक पहुँचाया इस वजह है। आज पूरा विश्व 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाता है। बापूजी के देशभर में 550 आश्रम और सैकड़ों गुरुकुलों में प्रतिदिन साधक , भक्त और विद्यार्थी कई वर्षों से नियमित योग साधना करते ही हैं । गुरुकुल में योग का नियमित कालखंड होता हैं । गत वर्ष कोरोनाकाल में जब पूरा विश्व थम गया था ,आम लोगों का जीवन कष्टप्रद हो गया था ; हमारे किसी भी विद्यार्थी या साधक को कोरोना हुआ ही नहीं और इस दौरान वो सब आम जरूरतमंदों की सेवा करते रहे। यह सब योग , प्रणायाम और संयमित जीवन के कारण सम्भव हुआ। इसलिए मनुष्य को जीवन मे स्वस्थ , प्रसन्न और निरोगी रहना है तो प्रतिदिन योग आसान , प्रणायाम अवश्य करे ।इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई , खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर , प्रचार्या प्रिया सिंह , प्रबन्धक डॉ. सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पावर और समस्त शिक्षण स्टॉफ़ उपस्थित रहे ।

## कृषि वैज्ञानिकों ने भी किया योग

**बालाघाट।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बड़गांव के राणा हनुमान सिंह कृषि विज्ञान केन्द्र में भी योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. आरएल राऊत के मार्गदर्शन में डॉ. रमेश अमूले, कुमारी अंजना गुप्ता एवं श्रीमति अन्नपूर्णा शर्मा समस्त अधिकारी कर्मचारी व कृषि विज्ञान केन्द्र, बड़गांव के आस-पास के किसानों, महिलाओं एवं बच्चों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। हर साल 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। योग दिवस के अवसर पर डॉ. राऊत ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि योग ही निरोग रहने का आधार है। व्यायाम के द्वारा बहुत सी बीमारिया को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर डॉ. राऊत ने केन्द्र के अधिकारी/कर्मचारियों, कृषकों, महिलाओं एवं बच्चों से योग व प्राणायाम सम्पन्न कराया और बताया कि किसानों साथ-साथ सभी लोगो को स्वस्थ्य रहने के लिए योग जरूरी है।

## महाविद्यालय में हुआ दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।



शासकीय महाविद्यालय लालबर्रा में 21 जून 2024 दिन शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं क्रीड़ा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दसवां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। मध्यप्रदेष शासन उच्च षिक्षा विभाग के निर्देषानुसार पल प्रतिपल समय सारणी अनुसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ब्रम्हकुमारी उज्जवला दीदी एवं सदस्यों का आगमन प्रातः 06:00 बजे हुआ इस अवसर पर ब्रम्हकुमारी उज्जवला दीदी ने कहा कि योग हमारे शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवष्यक है। आध्यात्मिक माध्यम से आत्मा और परमात्मा का मिलन होता है, और आत्मिक शांति प्राप्ति होती है। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार खण्डायत ने कहा कि योग से शारीरिक और मानसिक सुख की प्राप्ति होती है, इन कार्यों में ब्रम्हकुमारी संस्थान का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसके पश्चात सामान्य योग अभ्यास कार्यकम किया गया जिसमें डॉ. विवेक खरगाल क्रीड़ा अधिकारी ने सूर्य नमस्कार और प्राणायाम अनुलोम विलोम, भ्रामरी प्राणायाम माधुरी पुसे के द्वारा सामान्य योग की विभिन्न मुद्राओ से अभ्यास कराकर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की इस कार्यक्रम का मंच संचालन संदीप चौरसिया एवं आभार प्रदर्षन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यकम अधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार भिमटे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में ब्रम्हकुमारी संस्थान लालबर्रा से बी. के. नारायण प्रसाद सोलंकी, ओमप्रकाष बाहेष्वर, ऐशनलाल, संतोष भारद्वाज, तपेश यादव, पुष्पा सोलंकी,सुषमा रहॉगडाले, संध्या परते, नरेश सौलखे, मनीश शिवहरे, डॉ. आषीश बागड़े, आशा कारे, पीतम मुरते, यादोराव राजुरकर, व्यंकट नगपुरे, रामदयाल मथारे, वंदना कुर्वे, मिनेश पंचेश्वर, इकबाल खान, अजय सिनोरिया एवं महाविद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## स्कूली किताब बांटकर स्कूल चले हम अभियान की विधायक विवेक पटेल की शुरुआत

# एक लक्ष्य तय कर जीवन में बड़े आगे : विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

मध्यप्रदेश के सभी सरकारी स्कूलों में मंगलवार 18 जून से 20 जून तक प्रवेश उत्सव मनाया जा रहा हैं प्रदेश सरकार द्वारा हर वर्ष की तुलना में इस वर्ष बड़े स्तर पर अभियान चलाया जा रहा हैं प्रवेश लेने वाले बच्चों को तिलक वंदन लगाकर स्कूलों में प्रवेश कराया जा रहा हैं इसी के तहत क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के शासकीय उच्च.माध्यमिक शाला झालीवाड़ा और शासकीय उच्च. माध्यमिक विद्यालय भेंडारा स्कूल पहुँचे जहाँ कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक पटेल का स्कूल के स्थाप द्वारा स्वागत किया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

**झालीवाड़ा के प्राचार्य विरेन्द्र बनोटे ने विधायक विवेक पटेल से अतिरिक्त कक्ष बनवाने की मांग :**हर वर्ष स्कूल में बच्चों की लगातार बढ़ रही संख्या को देखते हुए और स्कूल के कुछ रूम जर्जर व्यवस्था में होने लगे जिसको देखते हुए स्कूल के प्राचार्य ने विधायक विवेक पटेल से स्कूल परिसर में अतिरिक्त कक्ष बनवाने की मांग विधायक पटेल से की हैं।

### विधायक विवेक पटेल शिक्षा पर दे थे ध्यान-रविकांत नगपुरे

भेंडारा स्कूल के प्राचार्य रविकांत नगपुरे ने कहा की ज़ब से विवेक पटेल विधायक बने हैं तभी से वे शिक्षा के क्षेत्र में ज्यादा ध्यान दे रहें हैं जो हमारे लिए ख़ुशी की बात हैं उनकी चिंता सबसे ज्यादा शिक्षा के प्रति है उनकी मुस्कान यह बताती हैं की विधायक जी विधानसभा क्षेत्र में बहुत विकास करेंगे वही उन्होंने कहा की इस स्कूल में हर वर्ष बच्चों की संख्या बढ़ते जा रही हैं और रूम छोटा पड़ रहा हैं।



विधायक विवेक पटले ने कहा की प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को पढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या लगातार हो रही कम के चलते सरकार भी चिंता कर रही हैं सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए मैं हमेशा प्रयास कर रहा हूँ शिक्षक भी रोज समय पर स्कूल आये और अच्छी से अच्छी शिक्षा स्कूल में बच्चों को दे स्कूल की पहचान वहाँ पढ़ाने वाले शिक्षकों से होती हैं मैं ज़ब से विधायक बना हूँ मैं ज्यादा से ज्यादा शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार हेतु कार्य कर रहा हूँ वही हम प्रयास कर रहें हैं की बहुत ही जल्दी ग्राम भेंडारा में सीएम राइज स्कूल बनाया जाये।

इस दौरान वीरेंद्र बनोटे,सीएस ठाकरे, जिनदयाल राहंगडाले, आंनद मेश्राम, अरविंद उइके, बीएल राहंगडाले,रत्नेश गुप्ता, सुसमा बनागरे,मंजू पराते, मनीषा खोबरागड़े, सहित स्कूली छात्र-छात्राये मौजूद रहें।

## लाडसा में खुले आम चल रहे है चखना सेंटर, कार्यवाही शून्य

# शराब दुकानों के सामने ही खुल गए है ओपन बार

हरिभूमि न्यूज लांजी।



क्षेत्र में अवैध चखना दुकान और शराब का कारोबार चरम पर है। यूं तो आबकारी विभाग का काम इन अवैध कार्यों पर अंकुश लगाना है, लेकिन मोटा कमीशन लेकर अवैध कारोबार को फलने फूलने दिया जा रहा है। अवैध कारोबार को आबकारी विभाग का खुला संरक्षण होने की वजह से पुलिस की कार्रवाई भी फ ीकी पड़ रही है। जनपद क्षेत्र की अनेकों शराब दुकानों के आसपास मकडज़ाल की तरह अघोषित अहाता और अवैध चखना सेंटर खोल दिया गया। यहां सुबह से लेकर देर रात तक शराब खोरी कराई जाती है। जब शराब दुकान संचालको से किसी भी तरह की अनुमति होने की जानकारी मांगी जाती है तो वे बेखौफ होकर दो टूक शब्दों में कहते है की हमसे नहीं मैनेजर से बात करों वही सब सैट करते हैं।

जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम लाडसा में संचालित सोम कंपनी की शराब दुकान के दोनो तरफ अघोषित अहाता का निर्माण कराकर अंदर अवैध चखना सेंटर का संचालन बेखौफ तरह से किया जा रहा है। बगल की शराब दुकान से लोग यहां शराब लेकर पहुंचते है। यहां शराब पीने के लिए बकायदा बेंच टेबल और कुर्सी की व्यवस्था कराकर रखी गई है। चखना सेंटर से पानी, खाने का सामान मंहगे दामों पर खरीदकर बिना किसी भय के लोग देर रात तक शराब पीते आसानी से देखे जा सकते है। एक तरह से अघोषित अहाता के अंदर कम बजट के मीनी बार का संचालन किया जा रहा है। अघोषित अहाता और अवैध चखना सेंटर इलाके का वातावरण और बिगाड़ रहे है।

पिछले कई वर्षो से अघोषित अहाता और चखना दुकानों का संचालन किया जा रहा है। शराब दुकान के सामने चखना दुकान लगे रहने के कारण शराबी यहीं बैठ जाते हैं। असामाजिक तत्व गाली-गलौच और मारपीट को अंजाम देते हैं। इससे आसपास के रहवासी काफी परेशान रहते हैं और इसका बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।



## शा.मा. शाला कोचेवाही में मनाया योग दिवस

### शाला परिसर में वृक्षारोपण कर दिया पर्यावरण सुरक्षा का संदेश

हरिभूमि न्यूज लांजी।

मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् बालाघाट जिला समन्वयक सुशील बर्मन व विकासखंड लांजी समंवयक चित्रा बैस के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून गुरुवार को सेक्टर-05 विकासखंड लांजी के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला कोचेवाही के प्रांगण में मनाया गया। मप्र.शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, प्रातः 6 बजे से शाला परिसर में समस्त शिक्षकगण बी.आर. हनोते प्रधान पाठक, आर.सी. घोरमारे, राजेंद्र नागदौने, लालचंद डोंगरे, मिलेश कुमार कोठारे, तेजलाल घोरमारे, युवराज बनाफरे, श्रीमति डुलन बडघैया व शाला में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं द्वारा भी एकत्रित होकर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष तुलसीराम रामटेके, उपाध्यक्ष दुलीचंद भागडकर, सदस्य महेश यादव पुर्व सरपंच ईश्वर मानकर व पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष शेखर बाहे, तेजलाल टांडेकर तथा जन अभियान परिषद नवांकुर संस्था के अध्यक्ष अरुण आसटकर, सचिव रमेश आसटकर द्वारा योगा कार्यक्रम के समस्त आयामो को कराया गया।

## तहसीलदार से की मुलाकात बोली जल्द की जाए कार्रवाई

# शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने लामबंद हुई महिलाएं

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** तहसील मुख्यालय कटंगी से सटी ग्राम पंचायत सेलवा की महिलाएं शुक्रवार को फिर एक बार शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटवाने की मांग को लेकर तहसील कार्यालय पहुंच गई. महिलाओं ने तहसीलदार छवि पंत से मुलाकात कर शीघ्र ही अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई शुरू करवाने की मांग की. महिलाओं ने बताया कि पूर्व में तहसीलदार और एसडीएम कार्यालय में शिकायती आवेदन किया गया. मगर, अब तक अतिक्रमण हटवाने की जमीनी कार्रवाई शुरू नहीं हो पाई है. तहसीलदार ने महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि उनके आवेदन पर कार्रवाई करते हुए पटवारी को मौके पर भेजा गया और अतिक्रमण भी चिन्हित किया गया है. अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजा जाएगा. उनका पक्ष सुनने के बाद ही किसी प्रकार की विभागीय कार्रवाई की जाएगी. बता दें कि सेलवा में सेलवा-बड़गांव रोड़ पर ढोरफोड़ी और चरनाई मद की शासकीय भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है. जिस पर गांव की महिलाओं ने आपत्ति दर्ज करवाई है और बीते एक माह से लगातार अधिकारियों के समक्ष शिकायतें कर अतिक्रमण हटवाने की मांग कर रही है. महिलाओं की शिकायत पर अधिकारियों ने संज्ञान लेते हुए 08 अतिक्रमणकारियों को चिन्हित किया है. उन्हें नोटिस भेजे जाने की तैयारी है. पटवारी अतिक्रमणकारियों को कृषि



कार्य न करने की समझाइश भी दे चुके है किन्तु अतिक्रमणकारियों पर इसका कोई असर नहीं हुआ है।

जैसा कि कई बार प्रशासनिक अधिकारी कई तरह के सरकारी कार्यों के निर्माण के लिए सरकारी भूमि की तलाश करते है. किंतु तब प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से यह तर्क दिया जाता है कि मुख्यालय और आस-पास में सरकारी भूमि नहीं है. मगर, मुख्यालय से महज 03 किमी. दूर सेलवा गांव में करीब 10 एकड़ से भी अधिक की सरकारी भूमि रिक्त है. जिस पर तेजी से अवैध कब्जा हो रहा है. महिलाएं इस सरकारी भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग कर रही है. लेकिन राजस्व विभाग के अफसर शायद महिलाओं की शिकायत को गंभीरता से नहीं ले रहे है. यहीं कारण है कि अतिक्रमणकारी समझाइश के बाद भी अपनी मनमानी कर रहे है. नौबत यहां तक आ गई है कि अगर राजस्व विभाग ने अभी ध्यान नहीं दिया तो इस सरकारी भूमि पर पूरी तरह से अतिक्रमण कर लिया जाएगा।



नैनपुर व बालाघाट में आज बंद का आह्वान

# गौवंश हत्या मामले में बंद रहा सिवनी

**गायों की निर्मम हत्या के विरोध में संपूर्ण जिला शुक्रवार को बंद रहा। कई हिन्दू संगठनों के आह्वान पर जिला पूरी तरह से बंद रहा। वही नैनपुर व बालाघाट शनिवार को बंद रखा जाएगा। दुकानदारों ने बंद के आह्वान का समर्थन कर स्वयं दुकाने बंद रखी। मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के धूमा, धनोरा थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों से 50 से ज्यादा गायों की निर्मम हत्या को लेकर आज शुक्रवार को जिला बंद कई संगठनों के द्वारा बुलाया गया है। जिसका असर देखने को मिल रहा है। इस मामले को लेकर लगातार पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है ओर कुछ आरोपी को हिरासत में लिया है। वही पुलिस अधीक्षक ने लोगो से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। वहीं मुस्लिम समाज से लोगो ने भी ज्ञापन सौंपकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

सिवनीः हाल ही में सिवनी जिले में 50 गायों की निर्मम हत्या की घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी है। गायों के शव अलग-अलग स्थानों पर पाए गए, जिनका गला रेतकर हत्या की गई थी और उन्हें नदियों में फेंक दिया गया था। इस विभत्स घटना ने न केवल धार्मिक भावनाओं को आहत किया है, बल्कि मानवता को भी शर्मसार किया है। जैसे-जैसे इस घटना की जानकारी लोगों तक पहुंची, उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

### सकल हिंदू समाज का आक्रोश

सकल हिंदू समाज इस जघन्य कृत्य की कठोर निंदा करता है और इसे हिंदू धर्म तथा समाज पर सीधा हमला मानता है। गौमाता को हिंदू धर्म में माता का दर्जा प्राप्त है और उनकी हत्या समाज की भावनाओं को आहत करती है। इस अमानवीय कृत्य ने समाज के हर वर्ग को गहरी पीड़ा पहुंचाई है।



### स्थानीय जनता का समर्थन

सिवनी बंद को जिलेवासियों का पूर्ण समर्थन मिला है। व्यापारियों, दुकानदारों, और आम जनता ने बंद के आह्वान का समर्थन करते हुए अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखे। सड़कों पर भी सन्नाटा पसरा रहा और लोगों ने इस बंद का पालन शांति और एकता के साथ किया।

### सामाजिक संगठनों का योगदान

सिवनी बंद को सफल बनाने में कई सामाजिक संगठनों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को जागरूक किया और बंद के महत्व को समझाया। इन संगठनों ने लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील भी की, जिससे कि बंद का उद्देश्य सफल हुआ।

### सरकार की जिम्मेदारी

सरकार की जिम्मेदारी भी इस मामले में अहम हो जाती है। उसे न केवल दोषियों को सजा दिलाने के लिए त्वरित कदम उठाने चाहिए बल्कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी नीतियाँ भी बनानी चाहिए। कानून व्यवस्था को मजबूत करना और समाज में जागरूकता फैलाना सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# मानव कल्याण की जीवनदायनी गौ माता का सामूहिक नरसंहार ने मानवता को शर्मसार किया

## केवलारी बंद, मुस्लिम समाज ने भी सौंपा ज्ञापन



**केवलारी-** सनातन धर्म की प्रथम पूज्य मानव कल्याण की जीवनदायनी गौ माता का सामूहिक नरसंहार ने मानवता को शर्मसार कर दिया। बीते तीन दिनों से सिवनी जिले का वातावरण भयंकर संशय में बना हुआ है। इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में गोवंशो वंशों के पैर व गार्दन कटे शव मिले हैं। जिससे समुचा हिंदू समाज आक्रोशित है।धनोरा की पिंडरई के पास बेनगंगा नदी में 26 गोवंश शव ओर धूमा क्षेत्र के ककरतला की जंगल में 28 गोवंश के शव मिलने से दिनांक 20 जून 2024 को समूचे जिले के नेता ओर अधिकारीयो ने मौके का मुआवना कर दोषियों को गिरफ्तार करने की मांग की है। गौवंश का जघन्य नरसंहार के विरोध मे समूचा जिला बंद का आव्हान किया गया । परिणाम स्वरूप आज दिनांक 21 जून को समूचा जिला के साथ नगर बंद रहा। नगर के चांदनी चौक मे समाज के जागरुक नागरिकों ने कहा कि गौमाता मानव जीवन को पालने बाली कल्याणकारी ओर बेतारणी पार करने बाली माता की हत्या करने बालो अपराध अक्षम है।प्रशासन से गोहत्यारो की पतासाजी व गिरफ्तारी को लेकर विरोध प्रर्दशन कर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा । जिले में घटी इस भयंकर घटना से सभी समाज संशय मे है- पूर्व सदर रफीक खान के नैतृत्व मे मुस्लिम समाज ने स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है । जिसमें उन्होंने ने कहा है कि गोवंश का गला काटकर इतनी ताद़ात में फेंकने वाले असामाजिक तत्व जो भी समाज के हो उनकी गिरफ्तारी की मांग की है। यह कृत्य जिनके द्वारा भी किया गया है बहुत ही शर्मसार करता है।ऐसे मानवता के दुश्मन की मुस्लिम समाज निंदा करता है । गोवंश का गला काटकर फेंकने वाले असामाजिक तत्व जो कि भाईचारे और अमन के दुश्मन है चाहे वह किसी भी जाति धर्म का हो जिले का वातावरण दूषित कर रहे हैं उसकी सूक्ष्मता से जांच हो ताकि भविष्य में इस प्रकार घटना की पुनरावृति ना हो।

## लखनादौन शांतिपूर्ण रहा बंद, गणेशगंज क्षेत्र में मिले 3 गाय, 4 बैल मृत



### पुलिस ने संज्ञान लेते हुए की जाँच मे लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

आज 21/06/2024 को गणेशगंज क्षेत्र मे सेमरताल और खैरी के बीच जंगल मे करीब 3 गाय, 4 बैल मृत पाए गए,जिसमे बताया गया की आकाशी बिजली के गिरने से मौत हुयी है,हालांकि पुलिस विभाग ने समस्त मामले को संज्ञान लेते हुए की जाँच को विवेचना मे लिया।

# नाली-सड़क नहीं होने से थम रहा गंदा पानी, बारिश में होगी परेशानी



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नगरपालिका द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत शहर को क्लीन बनाने की बात कही जा रही है लेकिन कई वार्ड ऐसे भी हैं जहां पर सड़क नालियों का अभाव है और जो कच्ची नालियां है उनकी साफ सफाई तक नहीं हो रही है। जिससे वार्डों में रहने वाले लोगों को कई प्रकार की परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति शहर के रानी दुर्गावती वार्ड,पाठक ट्रांसपोर्ट पंडिया गली गंज कुचबंदिया मोहल्ले की है। वर्षों पहले सडक़ का निर्माण किया गया। लेकिन नाली नहीं बनाई गई। गली में ट्रांसपोर्ट होने से भारी मालवाहक ट्रक आते है जिससे सड़क नीचे दब गई। कच्ची सड़क पर ही गंदा पानी जमा हो रहा है इससे वार्ड में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और लोगों में बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई है। नालियों से उठती बदबू से भी नागरिक काफी परेशान है। रानी दुर्गावती वार्ड कुछ बुंदिया मोहल्ले के वार्डवासियो ने बताया कि नाली निर्माण को लेकर अधिकारियों को अवगत भी कराया गया लेकिन समस्या के निराकरण की दिशा में कोई कदम तक नहीं उठाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने नगरपालिका से नाली निर्माण की मांग की है।

### बदबू से परेशान लोग

रानी दुर्गावती वार्ड,पाठक ट्रांसपोर्ट पंडिया गली गंज कुचबंदिया मोहल्ले में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से कच्ची सड़क में ही लंबे समय तक पानी भरा होने के कारण सड़क गंदगी से बचबचा रही है। सफाई नहीं होने से बड़े-बड़े कचरे की ढेर लग गए हैं। लंबे समय तक पानी जमा होने से लोगों को गंदगी और बदबू का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारियों द्वारा सफाई तक नहीं की जाती और मच्छर न पनपे इसके लिए ब्लीचिंग पाऊडर भी नहीं डाला जाता। इन अव्यवस्था से नागरिक परेशान है। किन्तु जनता के नुमाइंदे नागरिकों को हो रही परेशानी से बेखबर है। लोग स्वयं ही पानी निकासी की व्यवस्था बनाते है।

### बारिश में घरों के अंदर घुसेगा पानी

रानी दुर्गावती वार्ड,पाठक ट्रांसपोर्ट पंडिया गली गंज कुचबंदिया मोहल्ले में नाली नहीं होने के कारण पानी को सहीं दिशा नहीं मिल पाती है जिससे बारिश के समय नालियों का पानी लोगों के घर-आंगन में प्रवेश करता है। रहवासियों ने बताया कि सड़क के किनारे बडी-बड़ी झाडियां भी उग गई है जिससे बारिश के समय जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहेगा। अभी भी पानी की सडन और बदबू के कारण लोगों का घरों में रहना भी मुश्किल हो गया है। नगरपालिका द्वारा साफ-सफाई भी नहीं कराई जाती है और न ही ब्लीचिंग पाउडर डाला जाता है जिसके कारण लोगों को परेशानी होती है।

# जिलेभर में मनाया गया अंतरर्ाष्ट्रीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

म.प्र.शासन स्कूल षिक्षा विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार एवं माननीय कलेक्टर महोदय सिवनी के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग, आयुष विभाग एवं जिला रेडक्रास के तत्वाधान में शुक्रवार को स्वयं और समाज के लिए योग पर आधारित थीम पर योगा अभ्यास प्रोटोकाल पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक फुटबॉल स्टेडियम सिवनी के बैडमिंटन हॉल सिवनी दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश राय ''मुनमुन'' विधायक महोदय सिवनी के द्वारा योग में शामिल साधकों को कैप उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम ऑनलाईन एल.ई.डी के माध्यम से सामूहिक यौगिक प्रार्थना के साथ सभी प्रकार के सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होकर, बैठकर, पीठ व पेट के बल लेटकर विभिन्न प्रकार के आसन, कपाल भाति ,षीतली, अनुलोम विलोम, भ्रांमरी, प्राणायाम एवं ध्यान मुद्रा कर षांतिपाठ आदि क्रियाएं करवाई गई।

उल्लेखनीय है कि योग प्रोटोकाल अनुसार प्रधानमंत्री जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी म.प्र.शासन के उद्बोधन के पश्चात ऑनलाईन एल.ई.डी के माध्यम से प्रसारित हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर पालिका परिषद सिवनी, यातायात विभाग सिवनी, पुलिस विभाग सिवनी, विद्युत विभाग सिवनी, सचिव सिवनी स्टेडियम श्री एम.के.नेमा एवं स्वास्थ्य विभाग सिवनी का सराहनीय योगदान रहा।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय मे उत्साह पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** ब्रह्माकुमारी संस्थान की जिला प्रमुख ज्योति दीदी जी ने कहा योग के द्वारा हम शारीरिक रूप से स्वस्थ होते हैं । योग अर्थात जोड़, मिलन या संबंध । आत्मा का जब परमात्मा से योग होता है तो आत्मा के अंदर की सारी विकृतियां समाप्त हो जाती हैं, दिव्य गुण और शक्तियों का विकास होने लगता है। जिला शिक्षा अधिकारी एस एस कमरे जी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए ब्रह्मा कुमारीज के सदस्यों से कहा कि आप तो प्रतिदिन योग ध्यान साधना करते हैं लेकिन आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हमने जो सीखा वह जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प ले। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक घनश्याम दुबे जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि योगः कर्मेशु कौशलम यानी कर्मों में कुशलता ही योग है। प्राचीन काल से योग हमारी दिनचर्या का अभिन्न अंग रहा है। इससे हम हमेशा शक्ति व ओज से पूर्ण रहते हैं और रोग मुक्त रहते हैं। योग दिवस के अवसर पर योग की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी गीता दीदी जी ने कहा कि दुनिया में हर प्रकार की क्रांति हो रही है। विकास की नई-नई ऊंचाइयों पर मानव पहुंच रहा है लेकिन कहीं ऐसा ना हो जाए ,इंसान वही का वहीं रह जाए । अगर इंसान वही का वहीं रह गया और विश्व में यह सारी व्यवस्थाएं विकसित हो गई तो यह मिसमैच भी मानव जाति के लिए संकट का कारण बन सकता है ।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस में तैराकों ने स्विमिंग पूल में किया जल योग



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** 10 वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर समृद्धि वाटर पार्क एवं स्विमिंग ट्रेनिंग सेंटर मंडला रोड डुंडा सिवनी में 40 तैराकों ने स्विमिंग पूल में जल योग किया। तैराकों ने पानी के अंदर योग मुद्रा में ओम का उच्चारण किया। वहीं कुछ तैराकों ने पानी में योगासन और प्राणायाम किया। तैराकों ने पानी के अंदर लगभग 2 मिनट तक रहकर ध्यान-योग कर अपनी प्रतिभा और योग का बेहतर प्रदर्शन किया। समृद्धि वाटर पार्क और स्विमिंग ट्रेनिंग सेंटर के ट्रेनर भारत देशमुख ने बताया कि खिलाड़ियों के लिए योग बहुत अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि जिले में पानी में योग करना पहली बार हुआ है।तैराकों द्वारा प्रतिदिन इसकी तैयारी लगभग एक माह से की जा रही थी। तैराकों ने पानी के अंदर योग मुद्रा में ओम का उच्चारण,पद्मासन, योगासन और प्राणायाम सहित अन्य योग मुद्राओं का शानदार प्रदर्शन किया। वही तैराकी प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय,तृतीय स्थान पर आने वाले प्रतिभागी को अतिथियों द्वारा पारितोषक देकर सम्मानित किया गया। वही ट्रेनर भारत देशमुख ने बताया कि पद्मासन ऐसी खास योग मुद्रा है जिसे बड़ी आसानी से योगाभ्यास की शुरुआत करने वाले भी कर सकते हैं लेकिन पानी में इसका अभ्यास रोमांचकारी है। जो व्यक्ति निरंतर योग करता है, वह सदैव निरोगी रहता है। इस अवसर पर समृद्धि वाटर पार्क एवं ट्रेनिंग सेंटर के इस अवसर पर समृद्धि वाटर पार्क स्विमिंग ट्रेनिंग सेंटर के संचालक रामदास सनोडिया एवं जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी मनु धुर्वे, रवि सनोडिया, मुनिया टांक,नारायण बिसेन, देवेंद्र ठाकुर, दिनेश (विक्की) सनोडिया, अमित सनोडिया, सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं बच्चो की उपस्थिति रही।

# पेंच टाइगर रिजर्व से प्रदेश के कई स्थानों पर चीतल भेजे जा रहे

**पेंच टाइगर रिजर्व से प्रदेश के कई स्थानों पर चीतल भेजे जा रहे हैं। अब तक सबसे अधिक चीतल कूनों और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व भेजे गए हैं। सतपुड़ा में जहां 1955 चीतल भेजे गए हैं वही कूनों में 987 चीतल शिफ्ट किए गए हैं। प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व में से पेंच टाइगर रिजर्व में सबसे अधिक 55 हजार से अधिक चीतल हैं।वहीं प्रदेश के अन्य टाइगर रिजर्व व राष्टीय उद्यान में चीतलों की संख्या काफी कम है।**

पेंच में बढ़ते चीतलों की संख्या को संतुलित करने के साथ अन्य टाइगर रिजर्व, उद्यान में इनकी संख्या बढ़ाने के लिए पेंच टाइगर रिजर्व से चीतलों को शिफ्ट किया जा रहा है।

### पेंच में घास के मैदान अधिक हैं, इसीलिए रहना पसंद करते हैं

पेंच के अधिकारियों के अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व में घास के मैदान अधिक है। साथ ही यहां सागौन, गरारी व मिश्रित पेड़ है। इन पेंडो के आसपास प्रचुर मात्रा में घास होती है। चीतल घास वाले क्षेत्र में ही रहना पसंद करते



हैं।इसलिए अन्य राष्ट्रीय उद्यानों के स्थान पर पेंच टाइगर रिजर्व में चीतलों की संख्या लगातार बढ़ रही है।

### बोमा पद्धति से पकड़े जा रहे हैं चीतल

पेंच राष्ट्रीय उद्यान में चीतलों को पकड़ने के लिए पुरानी बोमा पद्धति अपनाई जा रही है। इस पद्धति में चीतल के रहवासी क्षेत्र में लकड़ी का खूंटा गड़ा का पर्दा व नेट से बड़े क्षेत्रफल को कवर कर बोमा तैयार या जाता है।चीतलों को आकर्षित करने के लिए उनका पसंदीदा चारा के अलावा समय-समय पर महुआ रखा जाता है।

बोमा के अंदर मौजूद कर्मचारी चीतलों के बोमा में आते ही उसका गेट बंद कर देता है। इसके बाद बोमा के गेट में वाहन खड़ा किया जाता है और गेट खुलते ही हड़बड़ाहट में बोमा के अंदर फंसे चीतल सीधे वाहन में चढ़ जाते हैं। इसके बाद इन चीतलों को शिफ्ट कर दिया जाता है।

## पेंशनर्स एसोसिएशन की महासमिति की बैठक कल

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिशन मप्र भोपाल की वार्षिक बैठक एवं प्रदेश कार्य समिति की बैठक दिनांक 23 जून 2024 को बरगी हिल्स कालोनी जबलपुर में सुबह 10 बजे से सायं 05 बजे तक आयोजित की गई है । प्रांतीय सम्मेलन में स्टेट गवर्नमेंट पेंशनर्स फेडरेशन गाजियाबाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक धूल मुख्य अतिथि एवं फेडरेशन के वरिष्ट उपाध्यक्ष शालिक मौलीकिर विशिष्ट अतिथि रहेंगे। बैठक में प्रदेश के सभी संभाग,जिला एवं प्रदेश पदाधिकारी की उपस्थिती अनिवार्य है। यह जानकारी डी बी नायर प्रदेश प्रवक्ता एवं वरिष्ट उप प्रांताध्यक्ष नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन मप्र भोपाल द्वारा प्रेस को जारी विज्ञप्ति में देते हुये बताया गया है कि इस संबंध में दिनांक 17 मई 2024 को प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे द्वारा जारी संघ अधिसूचना में विस्तृत जानकारी दी जा चुकी है, जिसका परिपालन कड़ाई से सुनिश्चित करते हुए एक अनुशासित संगठन का परिचय सभी संबंधितों को देना है ।

अनुरोध है की बैठक बरगी हिल्स जबलपुर में 23 जून रविवार को प्रात 10 बजे से सायंकाल 5 बजे तक आयोजित होगी जिस में संबंधित जिले के प्रांतीय पदाधिकारी,संभागीय अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्ष अधिकतम प्रति जिले से 5 व्यक्ति ही उपस्थित रहेंगे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी में राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा होगी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा -2024 के लिए जिले में कुल 09 केंद्र बनाए गए हैं। यह परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। प्रथम सत्र परीक्षार्थियों को कक्ष में प्रातः 9:30 से प्रवेश की अनुमति होगी1 परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश पश्चात प्रातः 9:45 बजे से 10:00 तक का समय ओ एम आर के वितरण तथा प्रविष्टि के लिए होगा1 वास्तविक परीक्षा का समय 10:00 से 12:00 तक का रहेगा। द्वितीय सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1:45 से प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश पश्चात दोपहर 2:00 से 2:15 तक का समय ओ एम आर के वितरण तथा प्रविष्टियों के लिए होगा1 वास्तविक परीक्षा समय दोपहर 2:15 से 4:15 तक रहेगा। परीक्षार्थियों को जारी प्रवेश पत्र व परीक्षार्थी का मूल फोटो परिचय पत्र आयोग द्वारा मान्य सूची अनुसार आवश्यक रूप साथ लाना होगा। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षा में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस के उपयोग को रोकने के लिए परीक्षा कक्ष में जुते मोज़े पहनकर प्रवेश वर्जित होगा1 परीक्षार्थी चप्पल,सैंडल पहन कर आ सकते हैं,चेहरे को ढककर परीक्षा कक्ष में प्रवेश वर्जित होगा 1 परीक्षा में पेंसिल रबर, इरेज़र,व्हाइटनर एवं एसेसरीज जैसे बालों को बांधने का क्लचर,बक्कल घड़ी,हाथ में पहनने वाले मैटेलिक चमड़े के बैंड,कमर में पहने जाने वाले बेल्ट, धूप में पहने जाने वाले चश्मे,पर्स वालेट, टोपी,ताबीज वर्जित है।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला जेल एवं बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी मे आयोजित हुआ योग शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री सतीश चन्द्र राय, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में 21 जून 2024 को योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी के तत्वाधान में जिला जेल सिवनी एवं बाल संप्रेक्षण गृह सिवनी में योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जेल में निरुद्ध बंदियों को प्रशिक्षित योगाचार्य द्वारा योगा करवाया गया तथा योग करने के लाभ बताये गये। शिविर कार्यक्रम में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सिवनी ने भी भाग लिया।

## आधार ई-केवायसी के पश्चात ही मिलेगा योजना का लाभ

**सिवनी 21 जून 24/** जिला श्रम अधिकारी सिवनी ने बताया कि शासन द्वारा समस्त विभागों को राज्य प्रायोजित डीबीटी योजनाओं में हितग्राहियों की पहचान हेतु मुख्य रूप से आधार का उपयोग करने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में मंडल द्वारा संचालित समस्त योजनाओं में पारदर्शिता हेतु निर्माण श्रमिक पंजीयन तथा योजनाओं के आवेदन के समय ई-केवायसी तथा योजना अंतर्गत हितलाभ वितरण आधार पर आधारित भुगतान प्रक्रिया के माध्यम से किए जाने की व्यवस्था प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त व्यवस्था अंतर्गत पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही की आधार ई-केवायसी कराए जाने के पश्चात ही किसी भी योजना का लाभ प्राप्त किया जा सकेगा। पंजीकृत श्रमिक, हितग्राही के बैंक खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य है। हितग्राही को योजना अंतर्गत सहायता राशि का भुगतान सक्षम अधिकारी द्वारा ईपीओ जारी कर डिजिटल साईन के पश्चात हितग्राही के आधार लिंक बैंक खाते में ही प्राप्त होगा।

### 19 जून की शाम को करीब 54 गौमाता की धरदार हथियार से हत्या कर नदी में सुला दिया

## गौहत्या के विरोध में संपूर्ण बालाघाट बंद

हरिभूमि न्यूज बालाघाट ।



मध्यप्रदेश के सिवनी जिले में गायों की हत्या को लेकर लगातार हिंसक व विरोध का माहौल देखने को मिल रहा है। इसका सीधा प्रभाव पड़ोसी जिले बालाघाट में भी देखने को मिल रहा है। इस मामले से हिंदू संगठनों के साथ ही सर्वहिंदू समाज में दुख देखने को मिल रही है। जिसके चलते ही 22 जून को पूरे बालाघाट जिले को बंद कर विरोध करने का फैसला विश्व हिंदू परिषद, बजरंग और सर्व हिंदू समाज के द्वारा लिया गया है। बता दें कि परिवहन व्यवस्था के दौरान भी बंद रहेगा जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही स्कूल व पेट्रोल पंप भी बंद रहेंगे। 54 गायों को काटने की हत्या को लेकर आयोजित बैठक के दौरान विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष यज्ञेश चावड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि सिवनी जिले के दोंदावानी, पिंडराई, धूमा एवं केवलारी क्षेत्र में 19 जून की शाम को करीब 54 गौमाता की धरदार हथियार से हत्या कर उन्हें नदी में सुला दिया गया है। उन्होंने बताया कि इस घिनौनी घटना से पूरे हिंदू समाज की भावना आहत हुई है और इससे सब कुछ सुधर गया है। इसी विरोध प्रदर्शन में ही 22 जून को पूरे बालाघाट जिले को बंद रखने का फैसला लिया गया है। बंद के तहत बालाघाट मुख्यालय के साथ ही वारासिवनी, कटंगी, तिरोड़ी, खैरलांजी, लालबर्रा, बैहर, बिरसा, परसवाड़ा, लांजी सहित अन्य तहसील व ग्रामीण क्षेत्र भी बंद रहेंगे।

बंद को लेकर आयोजित बैठक के दौरान लेखक ने बताया कि बालाघाट जिला भी गौतस्करी को लेकर हमेशा की चर्चा में रहता है और सिवनी जिला लगा हुआ है। जिसके चलते ही गौमाता की रक्षा करने के उद्देश्य के साथ पीड़ितों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर यह विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस से मांग की जाएगी कि जिस तरह से आबकारी का खतरा नियम है, उसके तरह गौहत्या करने वालों के लिए भी खतरा नियम बनाया जाए। साथ ही गौहत्या करने वाले प्रवासियों के अवैध कब्जों और मकानों को भी तोड़ने की कार्रवाई की जाएगी, ताकि इस तरह का कृत्य किसी दूसरे न कर सके। उन्होंने बताया कि बंद को लेकर बस एसोसिएशन, परिवहन, सब्जी बाजार संघ, चैंबर ऑफ कॉमर्स, परिवहन एसोसिएशन, सतपुड़ा चबर आफ कामर्स सहित बड़ी संख्या में नेताओं से बात हो चुकी है और उन्होंने भी बंद का समर्थन करने का फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि बंद के दौरान काली पुतली चौक पर आमसभा का आयोजन भी किया गया है। बैठक के दौरान नगर अध्यक्ष सुशील सिंह ठाकुर, सुमित मंगलानी सहित अन्य व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भौरगढ़ सरपंच के सम्मान के साथ खड़ा है सरपंच संघ : वैभव बिसेन

### खैरलांजी थाना प्रभारी की अभद्रता के खिलाफ एसपी और पंचायत मंत्री के प्रतिनिधि से मिलेगा सरपंच संघ, तो सरपंच लगा देंगे पंचायतों में ताला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

हालिया जिले में थाना के अधिकारी, कर्मचारियो के आम लोगों से अव्यवहारिक, व्यवहार के खिलाफ, लोगों ने लामबंदी की है। जनसेवा और देशभक्ति को लेकर काम करने वाली, पुलिस की जनसेवा पर खड़े होते सवाल, बालाघाट पुलिस की छवि को दागदार कर रहे है। वहीं अब पुलिस अधिकारी और कर्मचारियो के खिलाफ, गुस्सा सार्वजनिक रूप से दिखाई दे रहा है। बीते दिनों भौरगढ़ में अवैध उत्खनन को लेकर भगाए जा रहे वाहनों से ग्राम के लोगों के आवागमन के लिए बनी सड़क और अवैध उत्खनन के खिलाफ संवैधानिक अधिकारों के तहत भौरगढ़ सरपंच के जनता के साथ किए विरोध प्रदर्शन के दौरान खैरलांजी थाना प्रभारी के व्यवहार के खिलाफ ब्लॉक सरपंच संघ के विरोध में अब जिला सरपंच संघ भी साथ हो गया है।



जिला सरपंच संघ के वैभव बिसेन ने जारी बयान में बताया कि भौरगढ़ सरपंच के सम्मान में जिला सरपंच संघ उनके सम्मान की रक्षा करने के लिए साथ खड़ा है। खैरलांजी में सरपंच साथी के साथ खैरलांजी थाना प्रभारी द्वारा किए गए व्यवहार की सरपंच संघ घोर निंदा करता है। उन्होंने खैरलांजी थाना प्रभारी के आंदोलन को लेकर सरपंच के साथ किए गए व्यवहार को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि ग्राम और ग्रामीणों के हित में ग्राम के मुखिया होने के नाते, सरपंच का अपने संवैधानिक अधिकारो के साथ प्रदर्शन जायज है और लोकतंत्र में अपनी बात रखने का आंदोलन एक सशक्त माध्यम है। जिसको लेकर पुलिस प्रशासन, अपनी कानूनी कार्यवाही करें, किन्तु इस तरह से ग्राम के प्रमुख के साथ व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और इसका खुलकर विरोध किया जाएगा।

जिला सरपंच संघ अध्यक्ष वैभव बिसेन ने बताया कि भौरगढ़ सरपंच के साथ, खैरलांजी थाना प्रभारी के किए गए अव्यवहारिक, व्यवहार से जिले का हर सरपंच आहत है और थाना प्रभारी के इस व्यवहार की आलोचना कर रहा है। जिस मामले को लेकर आगामी 23 जून को जिला सरपंच संघ की एक महत्वपूर्ण और आवश्यक बैठक जनपद पंचायत बालाघाट सभागार में आयोजित की गई है। बैठक के बाद जिले के सरपंच साथी, पुलिस अधीक्षक और पंचायत मंत्री के प्रतिनिधियों को खैरलांजी थाना प्रभारी हटाओ, खैरलांजी बचाओ के नारे के साथ ज्ञापन सौंपेंगे। जिसके बाद भी खैरलांजी थाना प्रभारी पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने जिले की सभी पंचायतो के सरपंच साथियों से आगामी 23 जून को जनपद पंचायत बालाघाट सभागार में दोपहर 12 बजे से होने वाली जिला सरपंच संघ की बैठक में शामिल होकर एकजुटता दिखाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### खिड़कीघाट में डंपर पलटने से चालक की मौत

**कटंगी।** कटंगी से सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खिड़कीघाट में अनियंत्रित होकर डंपर पलटने से चालक की दर्दनाक मौत हो गई. जबकि परिचालक को मामूली चोट आई है. मृत चालक के शव को सरकारी अस्पताल कटंगी लाया गया है. वही मृतक के परिजनों को सड़क हादसे की सूचना दी गई है परिजनों के आने पर मृतक के शव का पीएम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया. शुक्रवार को यह सड़क हादसा दोपहर करीब 1:00 बजे के आसपास खिड़की घाट में हुआ है. मिली जानकारी अनुसार बरघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बम्होड़ी निवासी सचिन धुर्वे गिट्टी से भरा डंपर लेकर बंडोल की तरफ से सिवनी के रास्ते कटंगी की ओर आ रहा था. इस दौरान खिड़की घाट में अचानक से डंपर के सामने कोई वन्य प्राणी के आने से वाहन चालक ने उसे बचाने की कोशिश की. इस कोशिश में डंपर अनियंत्रित होकर पलट गया. डंपर के पलटते ही चालक नीचे गिरा और केबिन में रखा हुआ जेक सीधे चालक के सिर पर आकर गिरा. जिससे चालक की मौके पर ही मौत हो गई. बताया जा रहा है कि मृतक अपने परिवार का इकलौती संतान थी और वह करीब 4 सालों से डंपर वहां चल रहा था. डंपर वाहन क्रमांक एमपी 13 जेडडी 1145 सिवनी निवासी सुनील जायसवाल का बताया गया है।

### पिछले 24 घंटे में जिले में कुल 36.1 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से प्रारंभ हुए वर्षा सत्र में 21 जून तक जिले में 81.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। 21 जून को पिछले 24 घंटों के दौरान 5.7 मि.मी. औसत वर्षा रिकॉर्ड की गई है। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मि.मी. है। 21 जून को प्रातः 8 बजे तक पिछले 24 घंटों में बालाघाट तहसील में 28.2 मि.मी., वारासिवनी तहसील में 13.4 मि.मी., बैहर तहसील में 3.0 मि.मी., लालबर्रा में 7 मि.मी., बिरसा में 0.6 मि.मी. एवं परसवाड़ा में 10.4 मि.मी. वर्षा रिकॉर्ड की गई है।

### दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर किया सामूहिक योग

**कटंगी।** दसवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विकासखंड कटंगी में शहर से लेकर गांवों में सामूहिक योग का आयोजन किया गया. नगर के सीएम राइज स्कूल में एसडीएम मधुवंत राव धुर्वे, एसडीओपी माणक मणि कुमावत, तहसीलदार कटंगी छवि पंत, तिरोड़ी तहसीलदार गीता राहंगडाले, सहायक संचालक शिक्षा विभाग सी.एस.कुसराम, पुलिस कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थियों ने सामूहिक योग किया।

### बालाघाट में राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और विपणन संघ का विवाद गहराया

## राईस मिलर्स एसोसिएशन के दबाव में हटाए गए प्रबंधक जिला विपणन अधिकारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में राइस मिलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष और विपणन संघ का विवाद इस कदर गहरा गया है की गुरूवार को संगठन के दबाव में हिरेन्द्र रघुवशी प्रबंधक जिला विपणन अधिकारी बालाघाट को हटा दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि संगठन के दबाव में कानून-कायदों को ताक में रखकर नागरिक आपूर्ति निगम और विपणन संघ से काम कराया जाता है। अगर कोई अधिकारी नियमानुसार कार्य करने के लिए तत्पर रहता है तो उसपर दबाव बनाकर जनप्रतिनिधियों से शिकायत करवाकर उसका तबादला करवा देना ये आम बात हो गई है। ऐसे में कोई भी अधिकारी नियमानुसार काम नहीं करता है। गौरतलब है कि बालाघाट जिले में राइस मिल संगठन के अध्यक्ष मोनू भगत द्वारा विपणन संघ के कार्यालय में जाकर विपणन अधिकारी और कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार करने और जिला विपणन अधिकारी द्वारा मोनू भगत के द्वारा अभद्र व्यवहार करने की शिकायत कलेक्टर से करने और कलेक्टर द्वारा एफआईआर करने के आदेश के बाद थाना कोतवाली में मोनू भगत के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए जाने के बाद मामला गरमा गया है।

### शिकायत के बाद हटाए गए रघुवशी

ताजा मामला जिला राईस मिल एसोसिएशन बालाघाट के अध्यक्ष जितेन्द्र मोनू भगत द्वारा 11 जून को प्रबंध संचालक राज्य सहकारी विपणन संघ भोपाल को प्रेषित जिला विपणन अधिकारी हिनेन्द्र रघुवंशी के द्वारा जिले की मिलों को पुनः परेशान करने बावत शिकायत प्रस्तुत की है। जिसमें उन्होंने आरोप लगया है की वे दुर्भावना रूपी मानसिकता से मिलर्स के साथ दुव्यवहार कर रहे हैं। प्रस्तुत की गई शिकायत के आधार पर राज्य सहकारी विपणन संघ के सचिव यतीश त्रिपाठी द्वारा हिरेन्द्र रघुवशी प्रबंधक जिला विपणन अधिकारी बालाघाट को अन्य आदेश पर्यन्त मंडल कार्यालय जबलपुर में संबद्ध कर दिया गया है। वहीं अर्पित तिवारी मंडल प्रबंधक/जिला विपणन अधिकारी को वर्तमान कार्य के साथ-साथ जिला विपणन अधिकारी बालाघाट का कार्य करने हेतु आदेशित किया जाता है।

### जांच के लिए संयुक्त जांच दल गठित

राइस मिल संगठन की शिकायत पर अतिरिक्त खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग भोपाल के उपसचिव बी.के. चन्देल द्वारा 15 जून को आदेश जारी करते हुए जिला बालाघाट में जिला विपणन अधिकारी के संबध में जिला राईस मिल एसोसिएशन बालाघाट द्वारा की गई शिकायत संज्ञान में आई है। शिकायतों में राइस मिलर्स द्वारा जिला विपणन अधिकारी द्वारा अनियमितताएं किए जाने का उल्लेख किया गया है। शिकायत के बाद संयुक्त जांच दल गठित किया है, जिसमें एल एल अहिरवार क्षेत्रिय प्रबंधक मप्र नागरिक आपूर्ति निगम, योगेश जोशी महाप्रबंधक मिलिंग राज्य सहकारी विपणन संघ तथा रजनीश राय उपमहाप्रबंधक मिलिग राज्य आपूर्ति निगम को रखा गया है। पत्र में निर्देशित किया गया है की शासन द्वारा मिलिग के संबंध में जारी नियमों एवं निर्देशों के अंतर्गत जांच कर प्रतिवेदन 1 सप्ताह में विभाग को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### बालाघाट में कस्टम मिलिंग में बड़ा घपला ...

यह उल्लेखनीय है की बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान एवं धान से मिलिग कर कस्टम मिलिग से चावल प्रदाय किया जाता है। मिलिंग के लिए प्राप्त धान को कालाबाजार में बेचने की शिकायत लम्बे अरसे से सामने आ रही है, लेकिन वरिष्ठ अधिकारियों ने धान की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के लिए कोई कारगर कार्रवाई नहीं की। निर्धारित मापदंड का चावल देने की बजाय कमिशनबाजी के चक्कर में अमानक स्तर का चावल प्रदाय करना जिले के राइस मिलर्स का धंधा हो गया है। जिले में ऐसी अनेक राइस मिले है जिनका अस्तित्व ही नहीं है। ऐसी राइस मिले जहां एक कनेक्शन पर 3-3 मिले चलाई जा रही हैं। बिना बिजली की खपत के मिलिंग किए बिना चावल प्रदाय किया जा रहा है ऐसे गंभीर मुद्दों पर जिला स्तर से लेकर वरिष्ठ स्तर तक किसी भी अधिकारी ने कोई संज्ञान नहीं लिया। इन्ही विसंगतियों के चलते कोई अधिकारी नियमानुसार कार्य करने के लिए तत्पर रहता है तो उसपर दबाव बनाकर जनप्रतिनिधियों से शिकायत करवाकर उसका तबादला करवा देना ये आम बात हो गई है। ऐसे ही माहौल के चलते सन 2019- 20 में राईस मिलों द्वारा मुर्गीदाना और पशुआहार से भी बदतर चावल करोड़ों रूपये का प्रदाय कर दिया था। मिलर्स पर आज तक वरिष्ट स्तर से कोई कार्यवाही नही हुई ना ही उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया।

## खेत का आने जाने का रास्ता रोकने पर किसानों ने थाना प्रभारी व तहसीलदार को कि शिकायत, मामला ग्राम मोहगांव (बोरी) के किसानों का

**हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।** लालबर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मोहगांव (बोरी) के किसानों ने अनावेदक किसान सुखदेव बघेल व महेंद्र बघेल के विरुद्ध थाना प्रभारी लालबर्रा हेमंत नायक व तहसीलदार लालबर्रा संजय बारस्कर को मोहगांव (बोरी), गणेशपुर के किसानों ने लिखित शिकायत आवेदन सौंपा है। जिसमें किसानों ने प्रशासनिक अधिकारियों को लिखित आवेदन के माध्यम से बताया कि अनावेदक सुखदेव बघेल व महेंद्र बघेल निवासी मोहगांव (बोरी) ने अपनी जमीन में नाली खोदकर रास्ता को बंद कर दिया है एवं नहर से जिस जगह से किसानों के खेत में पानी जाता है उसे भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। दो तीन गांव के सभी सैकड़ो किसानों के पीढ़ीदर पीढ़ी 500 साल से अधिक समय से आने जाने के रास्ता को अनावेदक किसान द्वारा रोका है और सभी किसानों को आने-जाने के लिए रास्ता देने के लिए अनावेदक किसान को बोलने पर अश्लील गाली गलौच कर रहे हैं और मारने पीटने की धमकी दे रहे हैं, कभी भी कोई भी अप्रिय घटना घट सकती है दंगा फसाद होने की संभावना है। जिस पर मोहगांव (बोरी) व गणेशपुर के किसानों ने थाना प्रभारी व तहसीलदार से कहा कि हमारी समस्या का समाधान कर हमें कृषि कार्य के लिए आने जाने हेतु रास्ता दिए जाने के लिए सहयोग करें एवं अशांति फैलाने वाले पर उचित कार्रवाई करें, प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों को उनकी समस्या का समाधान करते हुए उनकी रास्ता खुलवाने का आश्वासन दिया है। शिकायत आवेदन सौंपने में- किशोर डेहरे, मुकेश, विनोद पटले, रूपचंद, यशवंत कुतराहे, सोहन बावने, नंदलाल माने, मुकेश सोलंकी, उमेश लिल्हारे व टेकचंद गुप्ता सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

## विश्व योग दिवस पर शामिल हुए विधायक विवेक विक्की पटेल

### योग विद्या ही नही विज्ञान हैं यह एकाग्रता लाने में सहायक : विवेक पटेल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर के अम्बेडकर भवन में प्रशासन द्वारा योग और प्राणायाम कार्यक्रम का आयोजन किया इस कार्यक्रम में वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल, स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित स्कूली छात्र-छात्राये भी शामिल हुए कार्यक्रम में पहुंचते ही विधायक विवेक पटेल ने दीप प्रज्वलीत कर योग की शुरुआत की इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजीवरंजन पांडे,जनपद सीओ दीक्षा जैन,जनपद अध्यक्ष माया उइके,पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा निरंजन बिसेन, शैलेन्द्र सेट्टी,निरंजन बिसेन, हुमराज पटले, राम चौहान मौजूद रहें।



विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा की सबसे पहले अंतराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया जिसके बाद प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्व स्तर पर योग दिवस मनाया जाता हैं मुझे बच्चों के साथ योगा करने से मुझे अपना बचपन याद आ गया वही विधायक पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो को निरंतर योग की अपील की,योग से शरीर स्वस्थ रहता हैं योग हमें स्फुति प्रदान करती हैं कई गंभीर बीमारियों से भी बचाती हैं इसलिए रोज योग करना चाहिए स्वस्थ एवं लम्बे जीवन के लिए योग का नियमित अभ्यास करना चाहिए कोरोना काल में भी लोगो ने योग को अपनाकर खुद को स्वस्थ रखने की अहम भूमिका निभाई

## हट्टा बालक स्कूल में मनाया 10वॉ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

शासकीय बालक स्कूल हट्टा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पहुंची जनपद सदस्य रंजना वैद्य, जनप्रतिनिधि व स्कूल के स्टाफ वह ग्रामीण जनों के साथ योगाभ्यास किया।

जनपद सदस्य रंजन वैद्य ने योग दिवस पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समय निकालकर प्रतिदिन योग करने के लिए जागरूक किया समय निकालकर योग करना है क्योंकि मनुष्य के जीवन में योग का महत्वपूर्ण योगदान है योग करने से शरीर स्वस्थ और सुरक्षित होता है अपने व्यस्ततम जिंदगी में से अपने लिए थोड़ा समय निरोगी बनाने के लिए निकाले अपने शरीर और जीवन को स्वस्थ बनाने के लिए योग और ध्यान दोनों आवश्यक है इसलिए सभी से आग्रह किया कि प्रतिदिन योग करें इसके साथ ही योग दिवस कार्यक्रम में रंजना वैद्य ,स्कूल के प्राचार्य रेखा वानखेड़े , नगपुरे , पिछोड़े जी , शिला पटले, विनय नगदौने , व स्कूल का समस्त स्टाफ और बच्चों की उपस्थिति में योग कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## 132/11 केव्ही बालाघाट में मेंटनेंस के चलते संबंधित क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**बालाघाट।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी से प्राप्त जानकारी अनुसार बालाघाट शहर के 11 केवी टाउन-1 फीडर, टाउन-3 फीडर एवं टाउन-4 फीडर पर रखरखाव व सुधार कार्य किया जाएगा। जिसके चलते शनिवार को अम्बेडकर चौक से जटाशंकर कालेज नगरपालिका, काली पुतली चौक बस स्टैंड दीक्षित बुक डिपो, राज हंस होटल क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। साथ ही 132 के.व्ही. सबस्टेशन से मिल्क डेयरी पुराना टेलीफोन एक्सचेंज सिविल लाइन, बाग कालोनी जय स्तम्भ चौक, बस स्टैंड, जेल परिसर, पोस्ट ऑफिस, गौली मोहल्ला, डॉ.लिल्हारे, डॉ. शिव पवार, डॉ चौक, पुराना गाँधी, मटन थाना मार्किट गुजरी डॉ. खरे, सुबराती आरा मशीन, शारदा चौक, फ्रेंड्स कालोनी वित्रगुप्त मस्जिद शिशिर मंदिर, शास्त्री नगर, यूभाष चौक, महावीर चौक, महावीर कालोनी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी । वहीं 132/11 सबस्टेशन से आकाशवाणी, न्यू कलेक्टर कार्यालय, न्यू जिला पंचायत कार्यालय न्यू एस.डी.एम कार्यालय जय स्तम्भ चौक, ट्रामा सेंटर सबस्टेशन एव.टी. उपभोक्ता हास्पिटल एवं आक्सीजन प्लांट ट्रांसफार्मर क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक बंद रहेगी।

## महर्षि विद्या मंदिर में इंटरनेशनल योग दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

महर्षि विद्या मंदिर में 10वां इंटरनेशनल योग दिवस मनाया गया जिसमें सर्वप्रथम वाइस प्रिंसिपल अनुपमा गौतम के द्वारा गुरु परंपरा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद गुरु पूजान कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें सर्वप्रथम योगा का क्रमानुसार योग अभयास किया गया, उसके बाद टी एम ध्यान शिक्षक मनोज जोशी एवं सुनीता तिवारी द्वारा भावातीत ध्यान अभ्यास कराया गया उसके साथ एवं राष्ट्रीय गान कर कार्यक्रम को समापन किया गया। इस कार्यक्रम में शिक्षक विजय बिललेरिया नीरज तिवारी नितेश मिश्रा वासुदेव भूते एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

### शा.मा. उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**किरनापुर।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों,एन सी सी के बच्चों ने किया योग ,शिक्षक बोले- योग करने से तन मन रहता है किरनापुर जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विद्यालय में योग दिवस के अवसर पर योग किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं को योग का महत्व समझाया गया। विद्यालय में कार्यक्रम सुबह 7:00 बजे से 8:00 बजे तक रखा गया इस दौरान योग व सभी प्राणायाम किए गए और सभी बच्चों को योग करने के लिए प्रतिदिन सही तरीके से और समय पर योग करने के लिए प्रेरित किया गया।इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक हरिश धुवारे ने योग की महत्व बताते हुए कहा कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, हृदय की गति सीमित रहती है, रक्तचाप सही तरीके से शरीर में होता है और शरीर के सभी अंग अच्छे से काम करने लगते हैं। योग दिवस के अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी किरनापुर मुख्य अतिथ्य एवं भागचंद मंडलवार के विशेष अतिथ्य में संस्था प्राचार्य श्रीमती अनीता तारन की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम संपन्न कराया गया।

### पाक्सो एक्ट एवं बलात्कार का मामला दर्ज

## 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार हुए दुष्कर्म के आरोपी

हरिभूमि न्यूज उकवा।

पुलिस थाना रूपझर से मिली जानकारी अनुसार उकवा पिंडकेपार निवासी नाबालिक आवेदिका ने अपने परिवार वालों के साथ दि. 19.06.24 को थाना रूपझर आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि रिश्तेदार की शादी से लौटते समय रास्ते में गाँव के ही रहने वाले दो लड़के सूर्या मर्सकोले पिता भरत मर्सकोले उम्र 21 साल निवासी पिंडकेपार और अज्जू गड़ेर पिता किशोर गडेर निवासी पिंडकेपार उम्र 23 साल ने रास्ता रोकते हुये दोनों ने मुझे जबरदस्ती करते हुये जबरन गलत काम (बलात्कार ) किया और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दिये ,दोनो लड़को सूर्या मर्सकोले और अज्जू गड़ेर निवासी पिण्डकेपार के बलात्कार करने से मै गर्भवती हूँ। जिस पर पुलिस अधीक्षक बालाघाट समीर सौरभ के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बैहर के एल बंजारा एवं अनुविभगीय अधिकारी अरविंद शाह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नितिन पटले द्वार मामले को गंभीरता से लेते हुए टीम गठित कर स्वयं आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर 24 घंटे के भीतर आरोपी को ढूंढ निकाला और बलात्कार एवं पाक्सो एक्ट मे अपराध पंजीबद्ध किया गया । उक्त अतिगंभीर आपराधिक अन्वेषण की गहनता से विवेचना के दौरान 24 घण्टे के भीतर सामुहिक दुष्कर्म आरोपियो को गिरफ्तार किया गया गया,आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी के साथ साथ प्रधान आरक्षक सतरंजन साकरे, प्रा.आ विनोद सिंह, प्रआ तिलक, प्रा आ आनंद वारकडे,आरक्षक दीपक शर्मा,अभिलाख लोधी,महिला आरक्षक दीपिका देशमुख,प्रमोद सेवतिया का सरानहीय योगदान रहा।



सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com